भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या : 1828
उत्तर देने की तारीख : सोमवार, 02 मार्च, 2020
12 फाल्गुन, 1941 (शक)

हरियाणा में पुरानी ऐतिहासिक इमारतों की पहचान के लिए सर्वेक्षण

1828. श्री बृजेन्द्र सिंह:

क्या **संस्कृति मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार/एएसआई ने हरियाणा में राष्ट्रीय या क्षेत्रीय महत्ता की पुरानी ऐतिहासिक इमारतों, ढांचों, स्मारकों की पहचान के लिए कोई सर्वेक्षण किया है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) क्या इस प्रयोजन हेतु कोई निधि आबंटित की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संस्कृति और पर्यटन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(प्रहलाद सिंह पटेल)

(क) और (ख) : जी, हां। राष्ट्रीय स्मारक तथा पुरावशेष मिशन (एनएमएमए) ने हरियाणा में निर्मित विरासतों तथा स्थलों के संबंध में सर्वेक्षण किया है और 2402 निर्मित विरासत तथा स्थलों का प्रलेखीकरण किया है।

(ग) : वर्ष 2019-2020 के लिए 2.00 करोड़ रुपए की धनराशि आवंटित की गई है।